आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उदघाटन किया। कहा- किसानों, लघु तथा मध्यम उद्योगों और युवाओं के लिए कई नए अवसर खोलेगा।
- मध्यप्रदेश विधानसभा में सोमवार से आयोजित किया जाएगा तीन राज्यों के युवा विधायकों का सम्मेलन।
- केंद्र सरकार ने कहा- देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार, भ्रामक खबरों का किया खंडन।
- तेज गर्मी के बीच कल से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर सहित 40 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना।

प्रधानमंत्री - नोएडा हवाई अड्डा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उन्होंने 40 एकड़ में फैले रखरखाव, मरम्मत और नवीनीकरण सुविधा केंद्र की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि यह विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब भारत में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाले राज्यों में से एक के रूप में उभरा है।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण को सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत लगभग 11 हजार 200 करोड़ रुपये के कुल निवेश से विकसित किया गया है। प्रारंभिक चरण में इस हवाई अड्डे की यात्री

संचालन क्षमता प्रति वर्ष एक करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी, और पूर्ण विकास होने पर इसे प्रति वर्ष 7 करोड़ यात्रियों तक बढ़ाया जा सकेगा।

विधायक सम्मेलन

मध्य प्रदेश विधानसभा में युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन 30 और 31 मार्च के आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में तीन राज्यों, मध्य प्रदेश के 18, छत्तीसगढ़ के 15 तथा राजस्थान के 22 युवा विधायक सम्मिलित होंगे। सोमवार को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के प्रथम दिवस 'लोकतंत्र और नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने के लिए युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर मंथन होगा। पहले दिन माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु  विजय मनोहर तिवारी भी युवा विधायकों को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन 31 मार्च को 'विकसित भारत 2047- युवा विधायकों के दायित्व एवं चुनौतियां' विषय पर मंथन होगा। समापन समारोह में राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश उपस्थित रहेंगे।

सहयोग सम्मेलन

वाराणसी में 31 मार्च को एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सहयोग सम्मेलन से निवेश, निर्यात, ओडीओपी, शिल्प और पर्यटन को नई गति मिलेगी। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि  सम्मेलन में ओडीओपी, जीआई टैग उत्पादों, पारंपरिक शिल्प, कृषि एवं फूड उत्पादों को ब्रांडिंग, मार्केटिंग और निर्यात से जोड़ने पर विशेष फोकस रहेगा। उत्तरप्रदेश की ओडीओपी पहल के अनुभवों और उसके आर्थिक प्रभावों की प्रस्तुति से यह स्पष्ट होगा कि किस प्रकार स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बनाया जा सकता है। इस मंच पर दोनों राज्यों के उत्पादों की विशिष्टताओं को रेखांकित करते हुए उन्हें एक साझा ब्रांडिंग दृष्टिकोण के तहत प्रस्तुत करने की दिशा में विचार-विमर्श होगा, जिससे निर्यात संवर्धन और मूल्य संवर्धन के नए अवसर विकसित होंगे। सम्मेलन में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच एमओयू हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिनके माध्यम से

व्यापारिक सहयोग, औद्योगिक निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प संवर्धन और पर्यटन क्षेत्र में साझेदारी को औपचारिक रूप दिया जाएगा।

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वी कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

फैक्ट चैक - तेल की कमी

सरकार ने सोशल मीडिया पर उन खबरों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया है कि भारत में केवल पांच से दस दिन का ही तेल भंडार बचा है। पत्र सूचना कार्यालय-पीआईबी की तथ्य जांच इकाई ने इन दावों को भ्रामक बताते हुए कहा कि देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है। ईंधन आपूर्ति स्थिर बनी हुई है और इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। देश में लगभग चौहत्तर दिनों की भंडार क्षमता है और वर्तमान भंडार लगभग साठ दिनों के लिए पर्याप्त है। इसमें कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और भूमिगत रणनीतिक भंडार शामिल हैं। सरकार ने नागरिकों से कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है। ईंधन और गैस की उपलब्धता के संबंध में केवल आधिकारिक सूत्रों द्वारा सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए।

डीजल-पेट्रोल-प्रदेश

इधर प्रदेश में भी डीजल-पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बैतूल जिले में डीजल, पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति एवं नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए लगातार ऑयल कंपनियों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिला आपूर्ति नियंत्रक केके टेकाम ने आम नागरिकों से

अपील की गई है कि वे अपनी आवश्यकता अनुसार ही डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी का क्रय एवं भंडारण करें तथा अनावश्यक स्टॉक न करें। उधर पन्ना में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी द्वारा शहर के पेट्रोल पंपों पर जाकर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान स्टॉक एवं पेट्रोल डीजल के सुचारू वितरण की जानकारी ली गई। साथ ही उपभोक्ताओं को किसी भी तरह के अफवाह एवं भ्रम से बचने की सलाह दी गई।

मौसम

प्रदेश में तेज गर्मी के बीच मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में आंधी और बारिश का मजबूत सिस्टम सक्रिय होने की संभावना जताई है। जिसका असर करीब तीन दिनों तक बना रहेगा। इस दौरान भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर सहित लगभग 40 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि 31 मार्च तक भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग के करीब 40 जिलों में बारिश हो सकती है। कल हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं, जबकि 30 और 31 मार्च को तेज बारिश होने की संभावना है।

खंडवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में पारा आज 38 डिग्री के पार पहुंच गया। उधर, शहडोल जिले में तापमान बढ़ने के साथ ही मिट्टी के घड़ों की मांग बढ़ गई है। इन दिनों शहर की सड़कों के किनारे मिट्टी के घड़े, सुराही, बॉटल आदि का बाजार सजा है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

1- भारतीय प्रबंध संस्थान इंदौर में आज 27वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है, संस्थान के निदेशक हिमांशु राय ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 800 से अधिक प्रबंधन के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।

2- उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायधीशों ने आज धार भोजशाला का अवलोकन किया।

3- भोपाल कैरियर कॉलेज में कल राष्ट्रीय और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृहद विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।

4- अशोकनगर जिले के किसानों को 01 अप्रैल से ई-विकास प्रणाली व्यवस्था से उर्वरक वितरण किया जायेगा। कृषक ऑनलाईन पंजीयन अपनी सहकारी समिति, डबल लॉक केन्द्र, एम.पी.एग्रों एवं निजी विक्रेताओ के यहां निःशुल्क पंजीयन करा सकते है।

5- मंदसौर जिले के भैसोदामंडी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एक प्राचीन और उपेक्षित बावड़ी को पुनर्जीवित किया गया है।

6- लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर मंडला पुलिस द्वारा आज जिला मुख्यालय सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

7- उधर आगरमालवा जिले में सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वें जयंती वर्ष के अवसर पर युवाओं में उत्साह, स्वास्थ्य व जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से आज सभी पुलिस थाना क्षेत्रों में साइक्लोथॉन कार्यक्रम का एक साथ आयोजन किया गया।

8- रायसेन जिला न्यायालय परिसर में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला प्रशासन के समन्वय से वृहद जागरूकता एवं विधिक सेवा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

9- जबलपुर के जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विवेकानंद हॉल में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

10- गुना में आज जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें भूकंप आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

11- नीमच जल संवर्धन अभियान के तहत आज ग्वालटोली तालाब पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। कहा- किसानों, लघु तथा मध्यम उद्योगों और युवाओं के लिए कई नए अवसर खोलेगा।
- मध्यप्रदेश विधानसभा में सोमवार से आयोजित किया जाएगा तीन राज्यों के युवा विधायकों का सम्मेलन।
- केंद्र सरकार ने कहा- देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार, भ्रामक खबरों का किया खंडन।

  और
- तेज गर्मी के बीच कल से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर सहित 40 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना।

....................